# जनजातीय गांवों में विकास कार्य किए जाएंगे : कलेक्टर

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री उन्नत ग्राम अभियान के अंतर्गत मंडला जिले के 716 जनजाति क्षेत्रों के गांवों के विकास हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, बिजली, पानी और आजीविका के क्षेत्रों को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अभियान के तहत जनजाति क्षेत्रों के गांवों में विकास और उन्नति के कार्य किए जाएंगे। जनजाति क्षेत्रों के गांवों को पीएम गति शक्ति पोर्टल पर मैप कराना होगा। उन्होंने सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों को प्रधानमंत्री उन्नत ग्राम अभियान योजना के अंतर्गत निर्धारित समय सीमा में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सोमेश मिश्रा शुक्रवार को जिला योजना भवन में प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, संयुक्त कलेक्टर अरविंद कुमार सिंह, एसडीएम घुघरी सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत जनजाति क्षेत्रों में बहुउद्देश्यीय विपणन केन्द्र बनाए जाएंगे। जनजाति क्षेत्रों के आवासीय विद्यालयों में सुधार किया जाएगा। स्वास्थ्य केन्द्र बनाए जाएंगे। जनजाति क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे बनाए जाएंगे। जनजाति क्षेत्रों में आंगनवाड़ी केन्द्र, आयुष्मान कार्ड, छात्रावास, आश्रम शाला, बिजली, पानी, सड़क, जल जीवन मिशन, पोषण वाटिका का निर्माण व प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान में केन्द्र सरकार के 17 मंत्रालय/विभाग अपनी सेवाओं/सुविधाओं से जनजातीय समुदाय को जोड़कर इनके विकास में अतिरिक्त सक्रियता से कार्य किए जाएंगे। इस अभियान में ग्रामीण विकास, जलशक्ति, विद्युत, नवीन और नवकरणीय ऊर्जा, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, महिला और बाल विकास, शिक्षा, आयुष, कौशल विकास और उद्यमिता, इलेक्ट्रानिक्स विकास और सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि और किसान कल्याण, पंचायती राज, पर्यटन तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय सहित दूरसंचार, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी विभाग को अपनी विभागीय सेवायें देने शामिल किया गया है।



## कलेक्टर मिश्रा ने की प्रधानमंत्री उन्नत ग्राम अभियान और वनाधिकार अधिनियम अंतर्गत वन ग्रामों में सामुदायिक पट्टे वितरण की समीक्षा

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आयोजित बैठक में वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत वन ग्रामों में सामुदायिक पट्टों के वितरण कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक वनग्रामों के लिए सामुदायिक वनाधिकार पट्टे जारी करने की कार्यवाही की जाए। जिससे वन क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को शमशान घाट, हाट बाजार, रास्ते, गोठान, खेल के मैदान, चारागाह जैसे सार्वजनिक स्थानों के लिए सामुदायिक पट्टे जारी किए जा सकें। उन्होंने कहा कि इसके लिए विभागीय अमला, पटवारी, बीडगार्ड सहित निर्धारित प्रस्ताव ग्राम पंचायत में जमा करें। जिससे इसके बाद वनाधिकार सामुदायिक पट्टे वितरण के संबंध में अग्रिम कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा कि सामुदायिक वनाधिकार पट्टे के संबंध में कितने आवेदन प्राप्त हुए इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। जिन स्थानों में वनाधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक पट्टों के आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, ऐसे वन ग्रामों से आवेदन पत्र आमंत्रित कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि वनाधिकार अधिनियम अंतर्गत वनग्रामों में सामुदायिक पट्टे वितरण का कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न कराया जाए। उक्त कार्य में लापरवाही बरतने पर अधिकारियों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की जाएगी।

# कलेक्टर ने पंचचैकी महाआरती हेतु अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने 12 नवंबर 2024 को महिष्मति घाट (रपटा घाट) में शाम 6 बजे से नमामि नर्मदे पंचचैकी महाआरती की संपूर्ण व्यवस्था के लिए अनुविभागीय अधिकारी मंडला श्रीमती सोनल सिडाम को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेश के मुताबिक कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था हेतु पीआईयू मंडला, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंडला, अनूप नामदेव, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कपिल तिवारी परियोजना अधिकारी जिला पंचायत की ड्यूटी लगाई गई है। साज-सज्जा एवं कलश यात्रा हेतु श्री रोहित बड़कुल उपसंचालक महिला एवं बाल विकास विभाग, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंडला, अनूप नामदेव, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कपिल तिवारी परियोजना अधिकारी जिला पंचायत, रंजीत गुप्ता विकासखंड शिक्षा अधिकारी और जन अभियान परिषद। फ्लेक्स बेनर हेतु एसडीएम मंडला और मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंडला। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस अधीक्षक मंडला, थाना प्रभारी थाना कोतवाली मंडला और रक्षित निरीक्षक मंडला। विद्युत व्यवस्था हेतु अधीक्षण यंत्री म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. मंडला। सफाई व्यवस्था हेतु मुख्य नगरपालिका मंडला और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मंडला। पेयजल व्यवस्था हेतु कार्यपालन यंत्री पीएचई और मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंडला। पार्किंग स्थल का चयन एवं व्यवस्था हेतु एसडीएम मंडला, नायब तहसीलदार बम्हनी श्री कैलाश कोल अतिरिक्त तहसीलदार मंडला और थाना प्रभारी थाना यातायात मंडला।

## सार-समाचार

### कमिश्नर जबलपुर अभय वर्मा ने पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय मंडला में सेल्फी ली




**मंडला, देशबन्धु।** कमिश्नर जबलपुर संभाग अभय वर्मा ने गुरूवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मंडला में स्थित प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सेल्फी प्वाइंट में प्राचार्य श्री यूएस उलाड़ी के साथ में सेल्फी ली। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, प्राचार्य श्री आरएस उलाड़ी, बीआरसी श्री अनादि वर्मा उपस्थित थे।

### लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र एक दिसंबर से प्रारंभ होगा

**मंडला, देशबन्धु।** प्रभारी प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर ने बताया कि शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र 1 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हो रहा है। संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्ति हेतु उल्लेखित अनिवार्य अर्हता पूरी करते हैं एवं सहायक ग्रेड-3 के पद पर एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर ली हो, के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र 22 नवंबर 2024 शाम 5 बजे तक इस कार्यालय में जमा किये जाएंगे। उक्त प्रशिक्षण म.प्र. शासन के समस्त विभागों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये निःशुल्क है एवं अर्धशासकीय, निगम, मंडल एवं निकाय आदि के कर्मचारियों को म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क 2,000 रूपए का चालान सत्र में प्रवेश होने पर अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

### 21 पंचायतों में 'आरोग्यम मंडला' जन स्वास्थ्य शिविर आज

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में 9 नवंबर 2024 दिन शनिवार को 21 ग्राम पंचायतों में 'आरोग्यम मण्डला' जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत आमजन को ग्राम पंचायत स्तर पर ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराया जाएगा। जानकारी के अनुसार 9 नवंबर को समस्त विकासखंडों के चिन्हित ग्राम पंचायतों में आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड मंडला में ग्राम पंचायत सागर, खुरसीपार और निरदगढ़ में शिविर लगाए जाएंगे। विकासखंड नैनपुर में ग्राम पंचायत पुर्तरा, धनपुरी माल और रेवाड़ा, विकासखंड बिछिया में ग्राम पंचायत नेवसा भपसा, इमलिया और पड़रिया, विकासखंड बीजाडांडी में ग्राम पंचायत मगरधा और भटाडुंगरिया माल, विकासखंड मोहगाँव में ग्राम पंचायत मुनू और खीसी, विकासखंड घुघरी में ग्राम पंचायत कचनारी और भैंसवाही, विकासखंड मवई में ग्राम पंचायत पौंड़ीबहरमुंडा और भाड़ा, विकासखंड नारायणगंज में ग्राम पंचायत पड़रिया नारायणगंज और खैरी, विकासखंड निवास में ग्राम पंचायत अमगवां और जंगलिया में शिविर लगाए जाएंगे।

### शॉर्ट सर्किट से तीन मंजिला मकान में लगी आग

**दमोह, देशबन्धु।** कोतवाली थाना क्षेत्र के राय चौराहा पर गुरुवार रात एक तीन मंजिला मकान में शॉर्ट सर्किट से आग भड़क गई। आसपास के लोगों ने जैसे ही धुआं उठता देखा, मकान मालिक कैलाश छिरौल्या को इसकी सूचना दी, जिससे परिवार के सदस्य मकान के बाहर निकल गए। इस बीच पहली मंजिल में आग भड़क गई, वहां कैन में रखा डीजल आग की चपेट में आ गया। गनीमत रही कि लोगों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कमरे के अंदर रखे तीन गैस सिलेंडर बाहर निकाल लिए। यदि, सिलेंडरों में आग लगती तो गंभीर हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार, तीन मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर पर छिरौल्या का कार्यालय है, जिसमें प्रिंटर, तीन सिलेंडर, यूरिया की बोरियां और कुछ अन्य सामग्री रखी हुई थी। रात करीब 9 बजे आसपास के दुकानदारों ने कार्यालय में आग उठती देखी और तुरंत छिरौल्या को सूचित किया। मकान के बगल में स्थित श्याम स्टोर के संचालक ने अपने बोरिंग पंप चालू कर दिया और पानी से आग बुझाने में लोग जुट गए।

# मंडला जिले में 14 और 15 नवंबर को गौरव दिवस

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि 14 और 15 नवंबर को मंडला जिले में दो दिवसीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। गौरव दिवस के अवसर पर जिले में वीर नायकों की गौरव गाथा, खेल प्रतियोगिता, गोंडी पेंटिंग एवं लोकनृत्यों का आयोजन किया जाएगा। गौरव दिवस कार्यक्रम में विभागों के द्वारा शासन की योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कलेक्टर सोमेश मिश्रा सोमवार को जिला योजना भवन में आयोजित बैठक में मंडला गौरव दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह, एसडीएम घुघरी सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने कहा कि गौरव दिवस कार्यक्रम में मिलेट फेस्टिवल, रोड शो और शासन की योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएंगी। नुक्कड़-नाटक का आयोजन कर शासन की योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। गौरव दिवस के कार्यक्रम में मंडला जिले की लोक संस्कृति, लोकगीत और लोकनृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। गौरव दिवस के अवसर पर नर्मदा नदी के घाटों की साफ-सफाई व रंग रोगन कर उनका सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। इस कार्य में जिले के जनप्रतिनिधि, विभाग, एनजीओ, जन अभियान परिषद, व्यापारी संघ तथा जिले के नागरिकों को शामिल किया जाएगा। मंडला जिले के परंपरागत खेल पर आधारित जनजाति मंडला ओलम्पिक का आयोजन किया जाएगा। मंडला जिले के स्थानीय खेल खोखो, रस्साकसी, गिल्ली डंडा इत्यादि को शामिल किया जाएगा। गौरव दिवस के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन और मंडला जिले की भौगोलिक स्थिति, ऐतिहासिक महत्व के स्थल, संस्कृति, रीति रिवाज एवं परंपराओं पर आधारित कार्यक्रम होंगे।



## गौरव दिवस में वीरनायकों की गौरव गाथा, खेल प्रतियोगिता, गोंड़ी पेंटिंग और लोक नृत्य आयोजित होंगे

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि देवउठनी एकादशी 12 नवंबर से महिष्मति घाट माँ नर्मदा नदी में पंचचैकी महाआरती का प्रारंभ किया जाएगा। यह महाआरती प्रतिदिन सायंकाल 6 बजे से आयोजित होगी। महाआरती आयोजन और व्यवस्था के लिए एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम को नोडल आधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पंचचैकी महाआरती के आयोजन के लिए ट्रस्ट का निर्माण कर खाता खोला गया है। ट्रस्ट द्वारा खोले गए खाते में कोई भी नागरिक दान स्वरूप राशि जमा कर सकता है। उक्त राशि पंचचैकी महाआरती आयोजन में व्यय की जाएगी। उन्होंने बताया कि पंचचैकी महाआरती में जिले के सभी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, श्रद्धालु और नागरिक शामिल हो सकेंगे। उन्होंने आयोजित बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचचैकी महाआरती ट्रस्ट के बैंक खाते में अपनी स्वेच्छानुसार राशि दान कर सकते हैं।

# आबकारी विभाग ने 2 लाख 12 हजार 750 रुपए की मदिरा की जब्त



**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में वृत मण्डला में गोंझी सहत्रधारा नर्मदा नदी के किनारे मदिरा के अवैध निर्माण/विक्रय करने वाले अड्डों पर दबिश की कार्यवाही की गई। जिसमें मदिरा निर्माण के विभिन्न अड्डों से 200 डब्बे महुआ लहान का जप्त किया गया। इस दौरान 85 लीटर कच्ची शराब भी जप्त की गई। जप्त मदिरा एवं लहान की कीमत 2 लाख 12 हजार 750 रुपए है। आबकारी बल के द्वारा चार अड्डों पर कार्यवाही की गई और आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आबकारी बल को देखकर आरोपी घटना स्थल से भाग गए। कार्यवाही में उपनिरीक्षक गिरिजा धुर्वे, सर्वेश नागवंशी हमराह सहित विभागीय अमला मौजूद था।

# कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने महिष्मति घाट का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शुक्रवार को महिष्मति घाट (रपटाघाट) का निरीक्षण किया। उन्होंने महिष्मति घाट (रपटाघाट) में स्थल चिन्हित कर पंचचैकी महाआरती आयोजित करने के लिए मंच की पुताई करने के निर्देश दिए।

एकादशी से महिष्मति घाट (रपटाघाट) में माँ नर्मदा जी की पंचचैकी महाआरती प्रारंभ की जाएगी। पंचचैकी महाआरती में जिले के सभी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, श्रद्धालु और मंदिर समितियों के प्रमुख शामिल होंगे। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने महिष्मति घाट (रपटाघाट) नर्मदा नदी में साबुन से नहाने और कपड़े धोने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जिससे नर्मदा नदी का जल साफ व स्वच्छ प्रवाहित होता रहे। उन्होंने महिष्मति घाट (रपटाघाट) में पुलिस और नगरपालिका के कर्मचारियों की ड्यूटी में तैनात रहने को कहा। महिष्मति घाट (रपटाघाट) में रोजाना साफ-सफाई और प्रकाश का प्रबंध होगा। अस्त-व्यस्त फैली हुई विद्युत तारों को व्यवस्थित ढंग से स्थापित की जाएगी। अपूर्ण व अधूरी दीवारों में पुताई का कार्य पूर्ण करने को कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, संयुक्त कलेक्टर अरविंद कुमार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गजानंद नाफड़े सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# विजय सिंह चौधरी चाचा का देवलोक गमन

**मंडला, देशबन्धु।** अपनी जादुई लेखनी से मंडला जिले का पूरे भारत में नाम रोशन करने वाले मूर्धन्य साहित्यकार विजय सिंह चौधरी चाचा% का आज दिनांक 8 नवम्बर 24 को प्रातः 5 बजे देवलोक गमन हो गया है।

चाचा जी का जन्म विजयादशमी 8 अक्टूबर 1943 को झुरकी, जिला सिवनी (म.प्र.) में हुआ था। उनकी प्रमुख कृतियाँ टॉफी का झोला (बाल गीत संग्रह), खिचड़ी (सर्व विधा संग्रह), आदर्श घड़ी शिक्षा (तकनीकी साहित्य), चटनी बुंदेलखंड की (बुंदेली साहित्य), प्रायोगिक दोहावली, शवयात्रा (अकविता), गीतगंगा, गजल से हजल तक आदि हैं एवं 1000 कुंडलियों का संग्रह प्रकाशनाधीन है।< चाचा जी को भारती भूषण सम्मान (राष्ट्रीय राजभाषा पीठ-इलाहाबाद), कबीर सम्मान (साहित्यिक सांस्कृतिक कला - संगम अकादमी परियावाँ, प्रतापगढ़), साहित्य मनीषी सम्मान - (म.प्र. नवलेखन संघ, भोपाल), विशिष्ट साहित्य सेवा सम्मान (साहित्य संगम - तिरोड़ी, बालाघाट), काव्य कौस्तुभ-(अखिल भारतीय साहित्य संगम उदयपुर, आयड़) काका हाथरसी राष्ट्रीय शिखर सम्मान (भारतीय साहित्यकार संसद- समस्तीपुर, बिहार) प्राप्त हो चुके हैं।

उनके ब्रह्मलीन हो जाने से साहित्य जगत को अपूर्णीय क्षति पहुँची है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों को यह दारुण दुःख सहन करने की शक्ति दें। ओम शांति। विनम्र श्रद्धांजलि।

# सहकारी समिति बिछिया करेगी संचालन

## प्रधानमंत्री की महात्वाकांक्षी योजना जनऔषधि केद्र का शुभारंभ



**भुआ बिछिया।** बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित बिछिया में शुक्रवार को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पूर्व जनपद अध्यक्ष जोश सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक झल्लू लाल तेकाम ,पूर्व जनपद अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह कोकड़िया, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुनील नामदेव, समाजसेवी सुनील गर्ग , जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मंडला के महाप्रबंधक एल एन कोरी ने फीता काटकर बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बिछिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महात्वाकांक्षी योजना जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। इस केंद्र से उच्च गुणवत्ता की सस्ती दवाइयां सुलभ होंगी। अतिथियों का स्वागत समिति प्रबंधक शिल्पी रावत ने किया। इस अवसर पर उत्तम अग्रवाल, आर के श्रीवास , राजेन्द्र रावत, श्री नागेश्वर , दिलिप कटारिया,सहकारी बैंक प्रबंधक आर आर पन्द्रो, समिति प्रशासक नीतेन्द्र तेकाम, सहा . प्रबंधक प्रदीप लोध सहित समिति के समस्त कर्मचारी, नागरिक उपस्थित थे।

# खेत में पानी दे रहे किसान पर तेंदुए ने किया हमला, शोर मचाने पर भागा

**दमोह, देशबन्धु।** वफर क्षेत्र मडियादो के अंतर्गत आने वाले भूलखेड़ा गांव में शुक्रवार को खेत में पानी दे रहे किसान पर तेंदुए ने हमला कर दिया, जिससे किसान घायल हो गया। किसान के शोर मचाने और अन्य ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने की आहट पाकर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। घायल का इलाज सिविल अस्पताल हटा में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, सुंदर आदिवासी निवासी भूलखेड़ा शुक्रवार सुबह अरहर की फसल में पानी दे रहा था, तभी अचानक तेंदुए ने पीछे से हमला कर दिया। घायल ने शोर मचाया। इसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तेंदुआ खेतों से भागकर जंगल में चला गया।

हमले की सूचना मिलने पर वफर क्षेत्र अधिकारी मड़ियादो जीएस चौहान टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायल को अपने वाहन से इलाज के लिए मड़ियादो अस्पताल भेजा गया। वहां से उसे हटा रेफर किया गया। तेंदुए के हमले में घायल किसान के हाथ और गर्दन में घाव हुए हैं।



इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। मौके पर पहुंची टीम ने तेंदुए की उपस्थिति की पुष्टि के लिए खेतों में सर्चिंग की। इस दौरान टीम को तेंदुए के पदचिह्न खेत के रास्ते से जंगल की ओर जाते हुए मिले। बता दें कि मडियादो के जंगल को 2016 में पन्ना टाइगर रिजर्व का वफर क्षेत्र घोषित किया गया था। संरक्षण के चलते यहां वन्यजीवों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। आए दिन तेंदुआ, भालू, हाइना, नीलगाय, जंगली सूअर सहित अन्य वन्यजीव ग्रामीण इलाकों में देखे जाते हैं।

मडियादो परिक्षेत्र अधिकारी जीएस चौहान ने बताया कि तेंदुए के हमले में घायल सुंदर आदिवासी का इलाज कराया जा रहा है और नियमों के अनुसार उसे सहायता प्रदान की जाएगी। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे अकेले जंगल में न जाएं और हिंसक वन्यजीवों की उपस्थिति के प्रमाण मिलने पर तुरंत सुरक्षित स्थान पर चले जाएं।